आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 1.09.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा– उत्तराखण्ड का प्रत्येक नागरिक वीर सपूतों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।
- चंपावत के टनकपुर में खेल महाकुंभ–2026 का शुभारंभ।
- प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में 17 सितम्बर से चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।
- राज्य में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, 100 से अधिक सड़कें अवरूद्ध।

श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खटीमा गोलीकांड के अमर बलिदानी भगवान सिंह सिरौला, प्रताप सिंह, रामपाल, सलीम अहमद, गोपीचंद, धर्मानन्द भट्ट और परमजीत सिंहं की प्रतिमाओं पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का प्रत्येक नागरिक वीर सपूतों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज खटीमा गोलीकांड में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखण्ड का निर्माण करें, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं पर भी कार्य कर रही है।

खेल महाकुंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व खेल मंत्री रेखा आर्य ने आज चंपावत जिले के टनकपुर में खेल महाकुंभ–2026 व मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में स्थापित करना और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट खिलाड़ी गहना महर को मशाल सौंपकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। इस दौरान प्रतिभागियों ने योगासन और उत्तराखंड के पारंपरिक खेल मुर्गा झपट का शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही खिलाड़ियों को पूर्ण खेल भावना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा,

कि राज्य को देवभूमि के साथ–साथ एक मजबूत खेलभूमि के रूप में स्थापित करना और युवाओं के स्वर्णिम भविष्य को संवारना सरकार का मुख्य संकल्प है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में नीति आयोग के सदस्यों और शासन के उच्चाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में विकास की सम्भावनाओं, नवाचार, रोजगार सृजन और राज्य के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों और भविष्य की कार्य योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण भी दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में हॉर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर, फिशरीज व हनी प्रोडक्शन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों को आधुनिक तकनीक, बेहतर मार्केट लिंकेज और वैल्यू एडिशन के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाए जाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से हाई डेंसिटी एप्पल फार्मिंग, कीवी, ड्रेगन फ्रूट आदि को बढ़ावा देने और इसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि के लिए सरकार तेजी से प्रयास कर रही है। उन्होंने नीति आयोग से विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रोजेक्ट प्रोपोजल रिपोर्ट (पीपीआर) साझा किए जाने पर भी जोर दिया।

गड्ढामुक्त सड़क

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मानसून की समाप्ति के साथ ही आगामी 15 सितंबर से जिलेभर में सड़कों को गड्ढामुक्त और खराब स्ट्रीट लाइनों को दुरुस्त करने के लिए अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान 30 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणदायी एजेंसियों ने सड़कों का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 20–20 अधिकारियों की टास्क फोर्स गठित की गई है। टास्क फोर्स रात्रि में भी फील्ड विजिट कर फूड सेफ्टी, मोटर मार्ग, स्ट्रीट लाइटों की स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। मौके पर खराब व्यवस्था की गूगल लोकेशन और फोटो तत्काल संबंधित विभाग को भेजी जा रही है और सममस्या चिह्नित कर उसका निदान तत्काल किया जा रहा है।

प्रतियोगिताएं

प्रदेश के सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं

में 20 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं के प्रतिभाग की संभावना है। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मुख्य शिक्षा अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 25 वर्ष' अभियान में सभी शासकीय, अशासकीय व निजी शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उत्कृष्ट चित्रों व रचनात्मक प्रस्तुतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिससे बच्चों की प्रतिभा को व्यापक मंच मिल सके। डा. रावत ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री पुरस्कृत करेंगे।

ऑक्सीजन पार्क

आज मुख्यमंत्री ने खटीमा में नवनिर्मित नगर वन ऑक्सीजन पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि खटीमा की भौगोलिक स्थिति पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। व्यास वैली, पंचाचूली और आदि कैलाश की ओर जाने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खटीमा में सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने नगर वन ऑक्सीजन पार्क के विस्तारीकरण और आवश्यक संसाधनों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर वन ऑक्सीजन पार्क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, हरित व स्वस्थ वातावरण उपलब्ध होगा। पार्क को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने पार्क परिसर में महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक शौचालय बनाने के निर्देश भी दिए हैं।

बैंकर्स बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने साइबर व वित्तीय अपराधों में पिछले तीन से चार साल में हुई वृद्धि को गंभीर बताया है। उन्होंने बैंकर्स की बैठक में वित्तीय अपराधों की नियमित समीक्षा और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर एवं वित्तीय फ्रॉड की रोकथाम के लिए पुलिस व बैंकों के बीच बेहतर सामंजस्य और त्वरित सूचना–साझाकरण आवश्यक है। मुख्य सचिव ने बैंकों को साइबर व वित्तीय अपराधों की रोकथाम के लिए बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों का नियमित सेंसिटाइजेशन व प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने साइबर फ्रॉड के मामलों में होल्ड की गई धनराशि को रेस्टोरेबल प्रक्रिया में लाने तथा इसकी सूचना सम्बन्धित पीड़ित को प्रोएक्टिव होकर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया, ताकि पीड़ित आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर धनराशि की बहाली के लिए आवेदन कर सके।

मौसम

उत्तराखंड में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई स्थानों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है, जिससे सौ से अधिक सड़के आवागमन के लिए बाधित हैं, जबकि बारिश के चलते राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज तीसरे दिन भी रुक–रुककर मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी है। कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश के चलते आम जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर जलभराव के कारण जहां आमजन को आवाजाही में परेशानी हो रही है, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सौ से अधिक ग्रामीण संपर्क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए अवरूद्ध हैं। उधर, अल्मोड़ा में भारी बारिश के चलते सोमेश्वर के बडयूडा में देर रात एक मकान के भूस्खलन की चपेट में आने से तीन लोगों मृत्यु हो गई। मकान के पीछे हुए भूस्खलन का मलबा मकान पर गिरने से यह हादसा हुआ। वहीं, देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में तेज बहाव में आने से एक वाहन में सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। नैनीताल, बागेश्वर, देहरादून और टिहरी में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी की चेतावनी दी गई है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।